# शिक्षक सम्मेलन में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले, बकाया पदोन्नति का मुद्दा छाया रहा



बीकानेर टाउन हॉल में शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन ( रेसटा ) के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन को अतिरिक्त निदेशक ( प्रशासन ) रणजीत सिंह ने संबोधित किया।

- **सम्मेलन में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा के समक्ष विभिन्न चुनौतियों, शिक्षक तथा विद्यार्थियों के मुद्दों पर विचार मंथन किया गया**

**बीकानेर,**(कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन शुक्रवार से टाऊन हॉल बीकानेर में संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में शुरू हुआ।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के पहले दिन तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्गों के तबादले करने, अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक व वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता बकाया पदोन्नति जल्द करवाने, उप प्राचार्य की सीधी भर्ती, शिक्षक सम्मेलनों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करने, पुरानी पेंशन योजना लागू कर एनपीएस खातों में जमा राशि जीपीएफ खातों में जमा करने, शिक्षकों के सभी कैडरों की विसंगतियां दूर करने, खेमराज कमेटी की सिफारिश को सार्वजनिक करने, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सभी शिक्षकों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता देने की मांग की गई।

स्थाई व पारदर्शी शिक्षक स्थानांतरण नीति जारी कर लागू करने, नव क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापकों व व्याख्याताओं के पद सृजित करने, कंप्यूटर अनुदेशकों का कैडर संशोधन व वेतन विसंगति दूर करने, शिक्षक सम्मान की प्रक्रिया में आवेदन करने वाले सभी शिक्षकों के समस्त दस्तावेजों को ऑनलाइन करने, शिक्षक सुरक्षा अधिनयम बनाए जाने, सम्मेलन में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा के समक्ष विभिन्न चुनौतियों, शिक्षक तथा विद्यार्थियों के मुद्दों पर विचार मंथन किया गया।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय कुमार आचार्य, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर के सहायक आयुक्त आईआरएस भूपेन्द्र छीपा, अतिरिक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय (प्रशासन) रणजीत सिंह, अतिरिक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजकुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग गोविंद नारायण माली, संयुक्त निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय टीमाराम मीणा, उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय डॉ. रामगोपाल शर्मा, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पब्लिक पार्क बीकानेर, महेन्द्र मीना, महंत लालेश्वर महादेव मंदिर शिवबाड़ी गुरूदेव स्वामी विमर्शानंद गिरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में शिक्षाविदों तथा शिक्षा से सरोकार रखने वाले सभी अतिथियों ने शिक्षा शिक्षार्थी पर काम करने का आव्हान किया। मंच संचालन मदनमोहन मोदी व पवन कुमार राठी ने किया। कार्यक्रम संयोजक सीताराम डूडी व सह संयोजक पवन शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ओमप्रकाश गोदारा, सुनील बोड़ा, शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश संरक्षक सफी मोहम्मद मंसूरी, प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंशाराम खिजूरी, प्रदेश प्रवक्ता राजीव चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, प्रदेश विधि सहलाकार हनुमान शर्मा, उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनीश खान, कोटा मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल चंडालिया, जयपुर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल बासनवाल, भरतपुर जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला संरक्षक लेखराज मीणा, राजसमन्द जिलाध्यक्ष लक्ष्मी लाल शर्मा, गंगापुर सिटी जिलाध्यक्ष राजकमल बिनौरी, कोटा जिलाध्यक्ष परमानंद गोठवाल, बारां जिलाध्यक्ष गजराज सिंह मोठपुर, पाली जिलाध्यक्ष कमलेश मीना, दौसा जिलाध्यक्ष सांवलराम सोनड़, चूरू जिलाध्यक्ष रामावतार पबरी, श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष वनीत नारंग, फलौदी जिलाध्यक्ष दुर्गाराम बिरठ, सीकर जिलाध्यक्ष देवी सिंह मीणा, जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्णकुमार मीना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव, जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महिला मंत्री हीना मिर्जा, जिला महासचिव शालिनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला प्रवक्ता अविनाश आशिया, जिला संरक्षक एसएस शर्मा, धीरज बारठ, जिला विधि सहलाकार नीतू जैन, बीकानेर ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल आचार्य मौजूद थे।

नोखा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कड़वासरा, पूगल ब्लॉक अध्यक्ष सुशील बिश्नोई, बज्जू खालसा ब्लॉक अध्यक्ष सोमाराम, कोलायत ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल धायल सहित हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## आरटीओ ऑफिस कैम्प में 89 यूनिट रक्तदान

**बीकानेर,** (कासं)। 33वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 89 यूनिट रक्त एकत्रित किया और रक्तदान के महत्व पर जोर दिया गया।

शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया। कैम्प के संचालन में डॉ. कालूराम मेघवाल की टीम ने रक्त बैग, उपकरण और ब्लड बैंक वाहन की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अनिल पंड्या ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसे सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा से जोड़ते हुए हमें सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी ने बताया कि युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान में भाग लिया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, बार एसोसिएशन के सदस्यों, यातायात यूनियन के सदस्यों और विभिन्न डीलरों के कर्मचारियों ने भी सक्रियता दिखाई। रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां हैं, जैसे कि इससे कमजोरी होती है या स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। डॉ. मेघवाल ने इन भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिवहन निरीक्षक करणाराम और जयनारायण पूनिया की भूमिका सराहनीय रही।

## सार-समाचार

### महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी




पांचू में 'राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम' को महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पांचू पंचायत समिति सभागार में 'राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम' आयोजित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया और महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि महिलाएं सामान्य तौर पर अपने स्वास्थ्य और पोषण की ओर ध्यान भेज देती। इस कारण कई शारीरिक परेशानियां होती हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ठीक रहने पर ही आगे बढ़ा जा सकता है। महिला अधिकारिता विभाग के जेंडर स्पेशलिस्ट पवन ने नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं कालीबाई भील उड़ान योजना के साथ महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। विकास अधिकारी जसवंत सिंह विश्नोई ने महिला सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा महिलाएं स्वयं करें। उन्होंने महिलाओं को सभी आवश्यक जानकारी रखने की सलाह दी जिससे वे साइबर क्राइम का शिकार न हों। महिला और बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक वीणा खत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना और लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एएनएम राजबाला ने 'गुड टच बैड टच' के बारे में बताया। राजीविका की ब्लॉक इंचार्ज सरोज ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक रश्मि व्यास ने किया। कार्यक्रम में मानदेय कर्मी, नरेगा एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी रही।

### श्रम बजट का अनुमोदन किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख कविता की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बैठक में महात्मा गांधी योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु आजीविका संवर्द्धन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की थीम पर वार्षिक कार्य योजना एवं श्रम बजट का अनुमोदन किया गया।

# दूध के 33 सैम्पल की जांच में से 28 में मिलावट निकली



उरमूल डेयरी की ओर से वाटर वर्क्स टंकी के पास स्थित सरस बूथ पर शिविर आयोजित कर दूध के सैम्पल की नि:शुल्क जांच की।

**बीकानेर,**(कासं)। उत्तरी राजस्थान सहकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड बीकानेर (उरमूल डेयरी) द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत वाटर वर्क्स टंकी के पास स्थित सरस बूथ पर शिविर आयोजित कर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा लाये गए दूध के सैम्पल की नि:शुल्क जांच करने पर चौंकाने वाले परिणाम मिले।

अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 33 सैम्पल आये जिसमें से 28 सैम्पल फैल और केवल 05 सैम्पल ही पास हुए। फैल हुए सैम्पल्स में ग्लूकोज, स्ट्रेच, साल्ट, पावडर और पानी की अत्यधिक मात्रा में मिलावट पाई गई। उरमूल डेयरी की एक टीम जिसमें मनीष रंगा, हनुमान सियाग, उमेश, आदित्य ओझा आदि जांच शिविर लगने के पूर्व डोर टू डोर पम्पलेट वितरण कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया। उरमूल डेयरी के प्रबन्ध निदेशक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि अधिकतर दूध बेचने वाले कृत्रिम, मिलावटी दूध एवं प्लास्टिक की केन में दूध लेकर आते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होती है। समय अन्तराल में उसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। उरमूल डेयरी नकली और मिलावटी दूध की नि:शुल्क जांच के लिए सम्पूर्ण जिले में आगामी 17 फरवरी अभियान को जारी रखेगी।

## श्रीगंगानगर में कोहरा का कहर

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिले में अलसुबह साफ मौसम के बाद अचानक कोहरा छा गया। इससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। कुछ मीटर दूर तक देख पाने में परेशानी आने लगी। इससे सुबह के समय सड़कों पर निकले लोग परेशान हुए। अचानक आया कोहरा सभी के लिए परेशानी बना।

सुबह के समय घरों से निकले वाहन चालक बेहद धीमी स्पीड से चलते दिखाई दिए। शीतलहर के कारण कंपकंपी के हालात थे। शहर के बाहर की सड़कों सूरतगढ़ रोड, पदमपुर रोड, श्रीकरणपुर रोड, पंजाब रोड और इसके आसपास के इलाकों में खेतों में सुबह के समय पहुंचे किसानों ने खेतों के बाहर की तरफ अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाई।

शहरी इलाके में भी तेज कोहरे और सर्दी का असर साफ नजर आ रहा था। यहां चाय की थड़ियों के पास जलते अलाव पर हाथ तापने के साथ लोग चाय का आनंद लेते नजर आए।

## 25 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दी

- **नयाशहर थाना क्षेत्र में आने वाले मोहल्ला चूनगरान के पास ही ब्रह्मपुरी में युवक ने फांसी लगाई**
- **शॉल से फंदा लगाकर लटका**

**बीकानेर,** (कासं)। यहां ब्रह्मपुरी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने सुसाइड कर लिया। महज 25 साल के इस युवक ने अपने ही घर में कमरे में शॉल से फंदा लगाकर जान दे दी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोचरी पहुंचाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। नयाशहर थाना क्षेत्र में आने वाले मोहल्ला चूनगरान के पास ही ब्रह्मपुरी मोहल्ला है। यहां रहने वाला 25 साल का युवक शुभम बजाज अपने परिजनों के साथ रहता था। बीती रात उसने देर से खाना खाया। फिर सोने के लिए अपने कमरे में चला गया।

कुछ देर तक उसके कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने अंदर पहुंचकर देखा। वो शॉल से फंदा लगाकर लटक चुका था। परिजनों ने ही उसे नीचे उतारा और सीधे पीबीएम अस्पताल ले गए। जहां इमरजेंसी में डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। महज 25 साल के युवक के सुसाइड करने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। किसी तरह के सुसाइड नोट मिलने की अब तक पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त, दो को पकड़ा

- **पंजाब से लूणकरनसर लाते पकड़ा, गुजरात सप्लाई होनी थी**

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के लूणकरणसर थाना पुलिस ने अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त कर ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार किया है। ट्रक पंजाब से लूणकरनसर के रास्ते राजस्थान से आगे भेजने की तैयारी थी।

थानाधिकारी गणेश कुमार विश्नोई ने बताया कि डीएसटी टीम की सूचना पर लूणकरनसर पुलिस ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे से पंजाब की तरफ से आ रहे ट्रक में शराब भरे होने की सूचना मिली थी। ट्रक कालू टोल से नीचे उतर रहा था। इसी समय पुलिस ने ट्रक को रोककर छानबीन की। ट्रक में पंजाब में बनी एक हजार 60 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिसके बाद दो लोगों को पकड़ा गया। नए कानून के तहत पुलिस की कार्रवाई जारी है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ये पता लगा रही है कि ये शराब किसके ऑर्डर पर और कहां जा रही थी। तस्करी करने वालों ने जामनगर-अमृतसर मार्ग को अपना नया रास्ता बना लिया है। पंजाब में बनने वाली शराब बीकानेर से होते हुए गुजरात चोरी छिपे भेजने के कई मामले पहले भी सामने आए हैं। गुजरात से सटे राजस्थान के क्षेत्रों में ये शराब पहुंचती है, जहां से थोड़ी-थोड़ी मात्रों में गुजरात भेजी जाती है।

## इनामी डोडा पोस्त तस्कर गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे दस हजार रूपये के इनामी डोडा पोस्त तस्कर हिम्मटसर निवासी सुंदरलाल विश्नोई को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 1 जून 2024 को जसरासर थाना पुलिस ने आरोपी महेन्द्र विश्नोई के कब्जे से 13 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच नोखा थाना पुलिस को सौंपी गई थी। मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी अमित स्वामी के नेतृत्व में कांस्टेबल गणेश गुर्जर, राजेश मीणा, जयप्रकाश विश्नोई और गणेशाराम की टीम शामिल रही।

## दोस्त ने ही रची थी 9 लाख की लूट की साजिश

- **तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूट का खुलासर किया**

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने 20 घंटों के भीतर 9 लाख रूपए की लूट के मामले का खुलासा किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 8.35 लाख रूपए बरामद किए हैं।

एडिशनल एसपी कैलाश सिंह सांधु ने बताया कि घटना की जांच में सीसीटीवी फुटेज और परिवादी को बस स्टैंड तक छोड़ने वाले कानाराम से पूछताछ की गई। कानाराम ने पूछताछ में खुलासा किया कि 14 जनवरी को उसका जानकार मांगीलाल रामावत पैसे लेने नोखा आया था। इस दौरान उसने अपने दोस्त राकेश राव और सुनिल नायक के साथ लूट की योजना बनाई। योजना के मुताबिक कानाराम जानबूझकर मोटरसाइकिल गिराएगा और उसके दोस्त पैसों का बैग लूटकर भाग जायेंगे। घटना को अंजाम देते हुए सीओ ऑफिस वाली गली में कानाराम ने जानबूझकर बाइक गिराई और उसके दोस्तों ने मांगीलाल से पैसों का बैग लूट लिया। लूट के बाद आरोपी राकेश और सुनिल हिमाचल और प्रयागराज घूमने के लिए निकल गए।

पुलिस ने डीएसटी प्रभारी सत्यनारायण, जसरासर थानाधिकारी संदीप कुमार और श्रीडूंगरगढ़ थाने की टीम ने श्रीडूंगरगढ़ में बस से प्रयागराज जा रहे आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों से लूट के 8.35 लाख रूपए बरामद किए गए। 15 जनवरी को नत्थूसर बास बीकानेर निवासी मांगीलाल रामावत ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि मंगलवार को रूपए लेने नोखा आया था। वह कानाराम जाट के घर चला गया था। उससे 9 लाख रूपए लेने के बाद वापस बीकानेर रवाना हुआ। रात करीब 10 बजे वह जैसे ही राणेराव तालाब के पास पहुंचे। पीछे से एक बाइक आई जिस पर दो युवक सवार थे। बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया और रूपयों से भरा बैग लेकर भाग गए।

# टी आकार में ओवरब्रिज बनाने की मांग, धरना व क्रमिक अनशन जारी




नोखा में नवली गेट ओवरब्रिज संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना व क्रमिक अनशन पर बैठे लोग।

- **जन आंदोलन को लेकर किए चावल पीले, ढाणी-ढाणी जाकर बांटेंगे पीले चावल**

**नोखा,**(कासं)। रेलवे का टी आकार में ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर नवली गेट ओवरब्रिज संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा धरना शुक्रवार को 32 वें दिन जारी रहा।

समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट लेखराम चौहान ने बताया कि धरना स्थल पर रामकिशन कस्वां, कालूराम मेघवाल, भंवरलाल मेघवाल, दानसिंह धूमपालिया, रामुराम लखारा, मनोज सुथार पांचू, शंकरसिंह देसलसर, प्रेमसिंह, भागीरथ डूडी काकड़ा, शंकरलाल महात्मा, मालचंद सोनी बूटण, हंसराज गोदारा, बद्रीराम मेघवाल, गणेश मांगर बेरासर, लालचंद रैगर आदि को माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया।

क्रमिक अनशन पर बैठने वालों ने अपना विरोध जताया और नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक रेलवे का एल से टी आकार में ओवरब्रिज बनाने का संशोधन लेटर नहीं आ जाता तब तक हमारा क्रमिक अनशन बढ़ता ही जायेगा। तत्पश्चात धरना स्थल पर आने वाली 29 जनवरी को विशाल जन आंदोलन को लेकर चावल पीले किए गए और धरना स्थल को संबोधित करते हुए संयोजक मगनाराम केड़ली ने कहा कि हम लोग गांव गांव ओर ढाणी-ढाणी जाकर पीले चावल बांटेंगे और आने वाली 29 जनवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पधारने का न्यौता देंगे। भाजपा की सरकार कान खोलकर सुन लें जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक हम रूकने वाले नहीं है। केडली ने कहा कि यदि समय रहते हुए सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी तो हमें उग्र रूप अपनाना पड़ेगा। इस दौरान धरना स्थल पर मोहनराम इंदलिया बाधनू, मानाराम मेघवाल चरकडा, मालचंद छींपा देसलसर, भींयाराम रायसर, सुभाष सारण, राधेश्याम नाई, हंसराज बिश्नोई माडिया, रूघाराम नाई मौजूद थे।

## मेघवाल आज बीकानेर आयेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शनिवार को बीकानेर आयेंगे।

मेघवाल प्रात: 7.20 बजे रेल मार्ग से रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। वे स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शनिवार रात 10:30 बजे रेल मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। स्वामित्व योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष राम गोपाल सुथार भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टे मय प्रॉपर्टी पार्सल वितरण करेंगे तथा लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। इसके लिए ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। स्वामित्व योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम रविन्द्र रंगमंच पर होगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने विभिन्न अधिकारियों को इससे जुड़ी तैयारियों के लिए निर्देशित किया है।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 3, 4, 7 में भूखण्ड संख्या CA-21 क्षेत्रफल 35'-0'' X 72'-0'' फीट का आवासीय पट्टा संख्या 8857 दिनांक 12.09.2018 द्वारा श्रीमती इन्द्रा पत्नी श्री रविन्द्र प्रदीप शर्मा निवासी श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उपरोक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्ड को पूर्वी दिशा से मास्टर प्लान की 100 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प.11(8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref No. 13048912

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3310 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जय देवी पत्नी श्री नंद लाल निवासी गांव जोधेवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 5 किला नं. 2 में माप 25 इंटू 25 फीट भू.सं. 6 ईस्ट पार्ट, भाम्भू कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 11227 दिनांक 8.6.2021 को श्री नरेश कुमार पुत्र श्री सरदारी लाल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती जय देवी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 9.2.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती जय देवी पत्नी श्री नंद लाल निवासी गांव जोधेवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1277

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 में आवासीय पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा श्रीमती अंजू जैन पत्नी हर्ष जैन निवासी श्रीगंगानगर के नाम से निम्नानुसार जारी है :-

| क्र.सं. | चक | मु. नं. | किला नं. | भू. सं. | क्षेत्रफल | पट्टा सं. | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 ई छोटी | 46 | 8 | CA-17 | 35'-0''X72'-0'' | 8565 | 27.6.2018 |
| 2 | 6 ई छोटी | 46 | 8 | CA-18 | 35'-0''X72'-0'' | 8562 | 27.6.2018 |
| 3 | 6 ई छोटी | 46 | 7,8 | CA-19 | 35'-0''X72'-0'' | 8564 | 27.6.2018 |
| 4 | 6 ई छोटी | 46 | 3,4,7,8 | CA-20 | 35'-0''X72'-0'' | 8563 | 27.6.2018 |

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्डों का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्डों को पूर्वी दिशा से मास्टर प्लान की 100 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
Rajkaj Ref No. 13048875

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 में आवासीय पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा श्रीमती सज्जन जैन पत्नी नरेश चन्द्र जैन निवासी श्रीगंगानगर के नाम से निम्नानुसार जारी है :-

| क्र.सं. | चक | मु. नं. | किला नं. | भू. सं. | क्षेत्रफल | पट्टा सं. | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 ई छोटी | 46 | 8,9,12,13 | CA-14 | 35'-0''X72'-0'' | 8203 | 17.5.2018 |
| 2 | 6 ई छोटी | 46 | 8,13 | CA-15 | 35'-0''X72'-0'' | 8209 | 17.5.2018 |
| 3 | 6 ई छोटी | 46 | 8 | CA-16 | 35'-0''X72'-0'' | 8206 | 17.5.2018 |

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्डों का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्डों को पूर्वी दिशा से मास्टर प्लान की 100 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
Rajkaj Ref No. 13048742

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 में आवासीय पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा श्रीमती स्मृति जैन पत्नी चैतन्य जैन निवासी श्रीगंगानगर के नाम से निम्नानुसार जारी है :-

| क्र.सं. | चक | मु. नं. | किला नं. | भू. सं. | क्षेत्रफल | पट्टा सं. | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 ई छोटी | 46 | 12 | CA-11 | 35'-0''X72'-0'' | 8204 | 17.5.2018 |
| 2 | 6 ई छोटी | 46 | 12,13 | CA-12 | 35'-0''X72'-0'' | 8205 | 17.5.2018 |
| 3 | 6 ई छोटी | 46 | 8,9,12,13 | CA-13 | 35'-0''X72'-0'' | 8201 | 17.5.2018 |

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवासीय रूपान्तरित भूखण्डों का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवासीय भूखण्डों को पूर्वी दिशा से मास्टर प्लान की 100 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय आरक्षित है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021, अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 ऑनलाईन राजकाज रैफ 11611406 जयपुर दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां Development Promotion & Control Regulations (DPCR) के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्डों का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
Rajkaj Ref No. 13048819

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर